प्रेस विज्ञप्ति

एनएचबी द्वारा जयपुर के इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप डेवलपमेंट में आवास वित्त पर दूसरा आवासीय प्रमाणपत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया

राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास वित्त कंपनियों के अधिकारियों के लिए जयपुर के इंस्टीट्यूट ऑफ लीडरशिप डेवलपमेंट (आईएलडी) में आवास वित्त पर दो सप्ताह तक चलने वाले, द्वितीय आवासीय प्रमाणपत्र कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया (16 मई - 30 मई, 2025)।

राष्ट्रीय आवास बैंक के प्रबंध निदेशक श्री संजय शुक्ला द्वारा उद्घाटन और समापन किए गए इस दो सप्ताह के प्रमाणपत्र कार्यक्रम में देश भर की 38 आवास वित्त कंपनियों के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सत्रों में जोखिम प्रबंधन, ऋण मूल्यांकन, एएलएम और अनुपालन जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया, जो कि सहकर्मी सहयोग और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि पर केंद्रित थे।

समापन सत्र में प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए, साथ ही प्रतियोगिता विजेताओं और संकाय सदस्यों को भी उनके योगदान के लिए विशेष धन्यवाद प्रदान किया गया।

यह पहल आवास वित्त क्षेत्र में क्षमता और उत्कृष्टता का निर्माण करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के निरंतर प्रयास को दर्शाती है।